प्रथम वंदना गणपति आपकी भजन लिरिक्स

ना नेम संयम ना विधि जाप की,
प्रथम वंदना गणपति आपकी,
प्रथम वन्दना गणपति आपकी।bd।

हाथों में तुम नाथ मोदक लिए,
दर पे तेरे जलते घी के दिये,
हमें चाहिए बस कृपा आपकी,
प्रथम वन्दना गणपति आपकी।bd।

चूहे पे कितने सुघर लग रहे,
दामन गरीबों के तुम भर रहे,
दुआ चाहिए बस प्रभु आपकी,
प्रथम वन्दना गणपति आपकी।bd।

माथे पे चंदन लगाए हुये,
लम्बी सूँड़ अपनी बढ़ाये हुए,
राजेन्द्र पर हो नज़र आपकी,
प्रथम वन्दना गणपति आपकी।bd।

ना नेम संयम ना विधि जाप की,
प्रथम वंदना गणपति आपकी,
प्रथम वन्दना गणपति आपकी।bd।

गीतकार / गायक – राजेन्द्र प्रसाद सोनी।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com